>

Title: Shortage of LPG in the Country.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : सभापति महोदय, इस समय सम्पूर्ण देश में रसोई गैस की बहुत भारी किल्लत का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। आज उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार किसी भी जिले में गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मैं अपने संसदीय क्षेत्र का उदाहरण देना चाहता हूं, जहां लम्बी-लम्बी कतारें गैस वितरकों की दुकानों पर लगी रहती हैं।[R57]

19.00 hrs.

शाम तक इंतजार करने के बाद भी उपभोक्ताओं को एक सिलेंडर भी नहीं मिलता है। जो व्यापारिक गतिविधियों में लगे लोग हैं, उन पर रोक लगाने की जरूरत है। आज भी वाहन एलपीजी गैस से चल रहे हैं।

सभापति महोदय: आपकी केन्द्र सरकार से क्या मांग है?

श्री राजनारायन बुधौलिया : मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि रसोई गैस की मांग के अनुसार आपूर्ति होनी चाहिए। मेरे संसदीय क्षेत्र में कम से कम 50 हजार रसोई गैस के सिलेंडरों की आवश्यकता है।